प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

28.07.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। ये मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ 12वीं कड़ी होगी। ये कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन ए.आई.आर. मोबाईल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, डी.डी. न्यूज, पी.एम.ओ. और सूचना व प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी लाइव प्रसारित किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण होगा।

प्रदेश सरकार ने सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों को पुनः नियुक्ति देने के संबंध में नए नियम लागू किए हैं। सरकार की तरफ से इस संबंध में नियम व शर्तें निर्धारित की गई हैं। इसके तहत सभी श्रेणियों के कर्मियों को उनके मूल वेतन का 40 प्रतिशत प्रतिमाह दिया जाएगा। इसके अलावा विशेषज्ञ श्रेणी जैसे चिकित्सक, इंजीनियर, प्रशासनिक सेवाएं और हिमाचल प्रदेश राज्य सचिवालय सेवा के अधिकारियों की पुनर्नियुक्ति पर मूल वेतन का 50 प्रतिशत दिया जाएगा।

चंबा का अंतर्राष्ट्रीय मिंजर मेला आज से शुरू हो रहा है। चार अगस्त तक चलने वाले इस मेले का राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल विधिवत शुभारम्भ करेंगे। नगर परिषद चंबा के कार्यालय से भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। भगवान रघुवीर व लक्ष्मीनाथ को मिर्जा परिवार द्वारा रेशम, डोरी और तिल्ले से तैयार की गई मिंजर अर्पित करने के साथ ही ऐतिहासिक मिंजर मेला शुरू होताहै। आठ दिवसीय इस मेले में विभिन्न विभागों द्वारा विकासात्मक गतिविधियों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी तथा खेल–कूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। प्रशासन द्वारा सांस्कृतिक संध्याओं में पंजाब व मुम्बई के कलाकारों के अलावा

हिमाचली व स्थानीय कलाकारों को प्राथमिकता के आधार पर मंच उपलब्ध करवाया जाएगा। चंबा के उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय मिंजर मेला की पहली सांस्कृतिक संध्या में हिमाचल पुलिस बैंड हार्मनी ऑफ पाइन के कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। उन्होंने बताया कि हिमाचली कलाकारों में ममता भारद्वाज, भावना जरयाल सहित चंबा के विभिन्न कलाकार व सांस्कृतिक दल प्रस्तुतियां देंगे।

पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने प्रदेश के निजी अस्पतालों में हिमकेयर कार्ड बंद करने के राज्य सरकार के निर्णय पर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के पास अपनी कोई उपलब्धि नहीं है और पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में शुरू की गई योजनाओं को भी अब बंद किया जा रहा है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि निजी अस्पतालों में ईलाज करवाने के लिए हिमकेयर योजना लोगों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है, ऐसे में राज्य सरकार का इसे बंद करने का फैसला पूरी तरह गलत है।

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अनेक भागों में कल मॉनसून की वर्षा हुई है। मौसम विभाग ने आगामी 31 जुलाई तक प्रदेश के कई क्षेत्रों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। भारी वर्षा की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने लोगों से एहतियात बरतने, भू–स्खलन संभावित क्षेत्रों की यात्रा न करने और नदी–नालों से दूर रहने की अपील की है।

बीते दिनों मनाली के निकट पलचान में आई बाढ़ के कारण अटल टनल की ओर जाने वाली क्षतिग्रस्त सड़क को सीमा सड़क संगठन द्वारा खोल दिया गया है। हमारे कुल्लू संवाद्दाता के अनुसार जिला प्रशासन ने पलचान से आगे टनल की ओर जाने वाले रास्ते को ठीक करने के लिए आज से 31 जुलाई तक सुबह 11 बज़े से 3 बज़े तक इस रास्ते को आम वाहनों की आवाजाही के लिए बंद करने के आदेश दिए हैं। इस दौरान सिर्फ आपातकालीन वाहनों को ही जाने की अनुमति होगी। उन्होंने बताया कि लाहौल की तरफ जाने वाले वाहन रोहतांग दर्रे से होकर भी जा सकते हैं।

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से........

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। पंजाब केसरी की सुर्खी है–**हिमाचल में सेवानिृवत्त कर्मचारियों को फिर मिलेगी नौकरी।** दैनिक भास्कर के शब्द हैं–**क्लास वन से क्लास फोर कर्मियों को प्रति माह मिलेगा मूल वेतन का 40 प्रतिशत।** हिमाचल दस्तक लिखता है–**सेवानिवृत कर्मचारियों की री–अंगेजमेंट के लिए टर्म्स एंड कंडीशन जारी।** अमर उजाला का शीर्षक है–**पुनर्नियुक्ति पर अंतिम मूल वेतन का 50 प्रतिशत तक होगा देय–सरकार ने तय की सेवानिवृत कर्मियों की सेवाएं लेने की शर्त, एक बार में एक वर्ष तक ही होगा सेवा विस्तार।**

6 सौ 28 करोड़ का पानी पिला रहा जल शक्ति विभाग, कमाई जीरो शीर्षक से दिव्य हिमाचल लिखता है–17 लाख कनेक्शन, एक हजार 7 सौ 48 नई स्कीमें, मेटेंनेस को पैसा नहीं।

दैनिक भास्कर की एक सुर्खी है–**सरकारी अस्पतालों में ही हिकेयर से इलाज, प्रीमियम बढ़ाने की तैयारी। अनुबंध को नियमित सेवा के साथ जोड़ने हुए वरिष्ठता व पदोन्नति देने के आदेश** अखबार की एक अन्य खबर है।

हिमाचल दस्तक की एक खबर है–**मुख्य सचिव की कुर्सी के दिल्ली से लौटेंगे 2 दावेदार।**

मौसम पर आपका फैसला के शब्द हैं–**एक सप्ताह तक भारी बारिश का अलर्ट–हिमाचल में इस साल जुलाई महीने में 33 फीसदी कम बरसे बादल।** दैनिक भास्कर की सुर्खी है–**प्रदेश में अभी 33 प्रतिशत कम बारिश, अब 2 अगस्त तक लगातार बरसेंगे बादल।**

....